So, instead of calling it as 20 years' imprisonment, it can be called as a life term imprisonment. I would request the hon. Minister to examine this particular case.

I may also, particularly, mention once again about the smuggling activity, which is rampant, which has grown disproportionately, and which is really spoiling the generation, particularly the youths. They are attracted to this type of drugs and narcotics. After addiction, they are just trying to have their own injections, self-injections, and this is spoiling the entire race and the entire younger generation, which is the hope of this country. In that regard, this particular Amendment Bill would certainly take care of several evils. I once again congratulate the hon. Minister but as I have already mentioned, it requires a lot of will to implement these provisions.

**15.41 hours** (Dr. Raghuvansh Prasad Singh *in the Chair*)

With these few words, I support this Amendment Bill and I congratulate the hon. Minister once again.

SHRI P.H. PANDIYAN (TIRUNELVELI): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Bill. This Bill was drafted with criminological and penalogical view of the theory that punishment should be proportionate to the offence committed. If the quantity is more, there has to be more punishment and if the quantity is less, then, I think, the Finance Minister will say something about that. So, depending upon the gravity of the offence, that is, if it is worth more than two lakh of rupees, the punishment will be enhanced to 10 years provided the reasons are recorded by the presiding Judge.

Sir, the scale of justice now has emanated from this House to the presiding Judge. India has been used as a transit place for illicitly transporting the drugs especially from Myanmar and other neighbouring countries. We are not producing synthetic drugs. These synthetic drugs have been illicitly transported *via* India to the bordering countries. Sir, this drug trafficking is a menace to our Indian modern society. The younger generation is being spoiled due to drug trafficking. It is high time that the Government has brought forward this piece of legislation to check the offenders.

Sir, there must be another provision to be incorporated in this penal section that if he commits the same offence once more, the punishment should be doubled. It is not there. Previously, the Supreme Court had declined to grant bail. Now, even for an offence under NDPS Act, the Supreme Court has said that he is entitled to bail. If that is the case, then that judgement will encourage the narcotic offenders. The residuaries will actually involve on so many occasions in the drug trafficking. So, I would say that still some more stringent legal measures should be taken by the Government to check this drug trafficking.

Sir, I do not want to repeat the points mentioned by Shri Priyaranjan Dasmunsi and other hon. Members. I adopt the same but with the view that some more stringent measures have to be incorporated in the penal provision because 10 years is nothing. Even in a murder case, a convict is sentenced to life but he comes out within 10 years. If it is 10 years, then he is also entitled to remission and other usual concessions under the present rules.

So, there should be a deterrent punishment to these drug trafficking offenders. I support the Bill.

**श्री महेश्वर सिंह (मंडी) :** सभापति महोदय, जो स्वापक औाधि और मन:प्रभावी पदार्थ (संशोधन) विधेयक, 2000 माननीय वित्त मंत्री महोदय ने सदन में विचारार्थ और अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया है, उसके समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं।

महोदय, मंत्री महोदय ने इस संशोधन विधेयक को प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्य एवं कारणों में यह स्पट किया है कि वर्तमान में जो लोग नशीले पदार्थों का नाना प्र ाकार से धंधा करते हैं और उनको जो सजा दी जाती है वह कम से कम 10 वर्ा के कठोर कारावास की सजा है और यह 20 वर्ा तक चली जाती है। यही नहीं, जिनको सजा होती है, उन्हें बेल लेने के लिए भी कई वर्ा लग जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि यह आवश्यक समझा गया है कि सजा को रैशनलाइज किया जाए और जो कामर्श्यल मुजरिम हैं तथा जो नशीले पदार्थों का व्यापार करते हैं उन्हें अधिक सजा दी जाए अर्थात् जिनका गुनाह कम है, उन्हें कम सजा दी जाए और जिनका जुर्म बड़ा है उन्हें ज्यादा सजा मिले। इसके उद्देश्य और कारणों में जो बताया गया है, मैं उससे सहमत हूं।

महोदय, मैं इस विधेयक के उद्देश्य का तो समर्थन करता हूं, लेकिन मैं मंत्री महोदय से एक स्पटीकरण अवश्य चाहूंगा। कभी-कभी यह देखा गया है विशेारूप से स्कूल जाने वाले बच्चों को नशीले पदार्थों की लत लगाने के लिए कुछ लोग सिगरेटों में थोड़ी-थोड़ी चरस भरकर उन्हें पिलाते हैं। यही नहीं, कई स्थानों पर तो स्मैक दी जाती है और अब तो आयोडैक्स जैसी दवाओं के सैंडविच बनाकर, उन्हें स्कूली बच्चों को देकर मादक पदार्थों के रूप में प्रयोग किया जा रहा है और कहीं क्रोसिन सिरप पिलाया जा रहा है। स्कूल के बच्चों में मादक पदार्थों की लत लगाने के लिए इस प्रकार का जो धंधा करने वाले लोग हैं, जो बच्चों को गलत आदतों की ओर ले जाने वाले लोग हैं, उनको आप मायनर ऑफेंस मानेंगे या मेजर ऑफेंस? अगर मायनर ऑफेंस मानकर उन्हें छ: महीने की सजा दी जाएगी, तो निश्चितरूप से आने वाली पीढ़ियों को बच्चों को नशीली दवाएं पीने की आदत डालने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा, जो ठीक नहीं है। इसलिए ऐसे लोगों को भी कड़ी सजा का प्रावधान रखा जाए।

महोदय, इसी प्रकार से विधेयक में मंत्री महोदय, ने कामर्श्यल की मात्रा का कहीं उल्लेख नहीं किया है कि आप कामर्श्यल मात्रा किसे कहेंगे। क्या वह मात्रा एक किलो होगी, दो किलो, तीन किलो या चार किलो होगी। कामर्श्यल मात्रा का क्या अर्थ है ?

सभापति महोदय, मैं एक पहाड़ी और ऐसे क्षेत्र से आता हूं जिसका अभी सदन में नाम भी लिया गया - हिमाचल प्रदेश। यह सही है कि वहां भी किसी समय अफीम की खेती होती थी, लेकिन जिस प्रकार से मध्य प्रदेश के किसानों को लाइसेंस दिए गए उस प्रकार से हिमाचल प्रदेश के किसानों को लाइसेंस नहीं दिए गए। फलस्वरूप खेती बन्द हो गई, लेकिन यह भी सत्य है कि छोटे-छोटे किसान अपने घरेलू उपयोग अथवा दवाई के लिए थोड़ी मात्रा में यानी 10-15 ग्राम अफीम पैदा करते हैं। उन्हें भी कानून की आड़ में बहुत परेशान किया जाता है। हिमाचल प्रदेश में खस-खस को खाने के लिए भी प्रयोग किया जाता है। खस-खस का खाने के लिए उपयोग किए जाने का बहुत चलन है। डोडे में चीरा लगाकर अफीम निकालना तो ऑफेंस माना जा सकता है, लेकिन घर में प्रयोग करने या खाने के लिए खस-खस के दाने निकालने को भी ऑफेंस माना जाता है, यह ठीक नहीं है। मेरा आग्रह है कि खस-खस के दाने निकालने को ऑफेंस नहीं माना जाना चाहिए और खस-खस के दाने निकालने या रखने पर सजा नहीं होनी चाहिए। इससे भ्रटाचार पनपता है क्योंकि खस-खस तो बाजार में भी मिलता है। यदि कोई बाजार से खरीद कर खस-

खस लाए और उसके पास पाई जाए, तो उसे ऑफेंस मानकर आप सजा देंगे, तो यह ठीक नहीं है। खस-खस निकालने को आफेंस न माना जाए।

सभापति महोदय, जहां तक चरस का संबंध है। हमारे पहाड़ों में दो प्रकार की चरस होती है। एक तो वह है जो जंगलों में भंग के रूप में उग आती है जिसकी पत्तियों को मसल-मसल कर भंग इकट्ठा कर के लोग व्यापार करते हैं। दूसरे प्रकार की भांग वह है जो बूटे के रूप में किसानों द्वारा लगाई जाती है और जिसके रेशे से रस्सी बनती है जिसको पुला कहते हैं तथा जिसे पर्यटक खरीदते हैं जिससे स्थानीय गरीब किसानों की आय होती है। जब यह खेती की जाती है, तो गिरदावर रैवेन्यू रिकार्ड में गिरदावरी करते समय यह लिखता है कि इतने क्षेत्रफल में भांग की खेती की है। इस आधार पर ही अधिकारी लोग भांग उगाने के कानूनी प्रतिबन्ध के आधार पर छोटे-छोटे किसानों को परेशान करते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि वह इसका मादक प्रयोग नहीं बल्कि अपनी आय के लिए रस्सी बनाने के लिए प्रयोग कर रहा है। ऐसी स्थिति में गांव में पुलिस आने पर वह भाग जाता है। यदि वह नहीं भागता है, तो उसे पकड़ कर परेशान किया जाता है। मेरा मंत्री महोदय से आग्रह है कि वे इसका स्पटीकरण करें और ऐसी व्यवस्था करें कि इस प्रकार के किसानों को बेवजह परेशान न किया जाए।

सभापति महोदय, मैं यह बात केवल यहीं नहीं कह रहा हूं बल्कि जब मैं 1977 में पहली बार हिमाचल प्रदेश विधान सभा में विधायक चुनकर गया, तब मैंने यह बात ि वधान सभा में भी कही थी।

यहां जब मैं नाइंथ लोक सभा में चुनकर आया तब भी मैंने कहा था कि जो लोग चरस बेचते हैं, उनको तो पकड़ा जाता है लेकिन कोई बड़ा खरीददार पकड़ा गया हो, ऐसा आज तक देखने मे नहीं आया। क्यों वह नौजवान चरस बेचने पर मजबूर होता है -- क्योंकि उसको खरीददार उपलब्ध है। यह धंधा पहाड़ों पर कब से बढ़ा है -- जब से वहां हिप्पियों का आगमन हुआ है। पहले खरीददार नहीं था इसलिए धंधा नहीं होता था। वैसे तो हमारे पहाड़ों की संस्कृति है - "अतिथि देवो भवः" लेकिन आज अतिथि के रूप में वहां जो पर्यटक आ रहे हैं, वे `देवो भवः' नहीं बल्कि हमारे लिए अभिशाप बन गये हैं। वे लोग यहां आकर धंधा करते हैं।

सभापति जी, समय का अभाव है इसलिए एक बात मैं आपके ध्यान में जरूर लाना चाहता हूं। हमारे गृह जिला कुल्लू में एक हिप्पी आया। वह वहां चरस इकट्ठी करता था और उसके पैलिएट तैयार करता था। उसके पास ऐसा पेपर था जो आदमी के पेट में भी डिस्जॉल्व न हो। पहले वह लेक्जेटिव लेकर पेट साफ करता था और फिर एक किलो भंग पेट में डाल लेता था, उसके पैलेड बनाकर निगल लेता था। उसके बाद यहां से वह फ्रेंकफट की फ्लाईट पकड़कर जाता था और वहां जाकर उसे बाहर निकालकर, बेचकर फिर लौट आता था। इसी प्रकार के लोगों के आगमन पर यदि आप प्रतिबंध नहीं लगायेंगे तो निश्चित रूप से गांव में बैठा भोला-भाला नौज वान इसी धंधे में लगेगा। इसलिए अगर चरस के व्यापार को रोकना है तो उन्हें भी पकड़ना होगा जो इसके खरीददार हैं, केवल बेचने वाले को नहीं । जिस प्रकार का सूखा यहां पड़ता है, उससे हमारा किसान बार-बार परेशान होता है। ऊपर से जब चरस पकड़ी जाती है तो दूसरे दिन अखबार में उसका प्रचार होता है कि आज इतनी किलो चरस पकड़ी गई जिसका अंतर्राट्रीय मार्केट में इतना मूल्य है। वह मूल्य करोड़ों रुपये में बताया जाता है। ऐसे प्रचार से यह प्रभाव होता है कि गांव में बैठा भोला-भाला व्यक्ति इस ओर प्रोत्साहित होता है कि चरस का इतना मूल्य है इसलिए क्यों न मैं भी थोड़ी बेच दूं और पैसा कमा लूं। जब इस प्रकार का प्रचार होता है, अखबार में उसकी कीमत बताई जाती है - मेरा कहना है कि उसकी कीमत अखबारों में देने की जरूरत क्या है ? इस पर रोक लगनी चाहिए क्योंकि इस चीज से एक किस्म का विज्ञापन हो जाता है कि इसकी आज अंतर्राट्रीय मार्केट में कितना वेल्यू है। इसीलिए वह गरीब उसकी तरफ दौड़ता है।

मैं फिर आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि हिप्पियों का आगमन विशेाकर पहाड़ों में बहुत ज्यादा है। वे वहां आकर स्थानीय लोगों से शादी विवाह रचा रहे हैं और पक्के व्यापारी बनकर बैठे हुए हैं। उनके आगमन पर रोक लगनी चाहिए, मैं यही निवेदन करूंगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

SHRI E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (SIVAGANGA): Respected Chairman, I fully appreciate the intention of the Government to amend the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (Amendment) Bill, 2000 which brings forward a substantive amendment to the Principal Act of l985.

According to the International Convention, by giving a new shape for this Bill, not as a punishing act, but as a social reform Act and by giving a more detailed explanation to Section 7A of the Principal Act, , now this Fund, collected by the Central Government by way of executing the Act, is going to be utilised for the purpose of --

a. combating illicit traffic in narcotic drugs, not only in that aspect, but also in,
b. controlling the abuse of narcotic drugs,
c. identifying, treating and rehabilitating the addicts,
d. preventing drug abuse,
e. educating the public against drug abuse, and
f. supplying drugs to addicts where such supply is a medical necessity.

These aspects are very very important at the present juncture because many innocent people are being dragged into this net of this vicious circle.

Even at the school level, the Bill has incorporated it that if anything punishable happens near the school, then that will also attract an enhanced punishment, as provided under Section 32B which is going to be inserted.

Therefore, this aspect of looking at the social welfare is very much appreciable. But at the same time, the executing part of the social aspect has also to be looked into, for which there has to be an organisation or there should be a structure to follow up this particular Section 7A.

It is because two classes of people are mainly offenders in this particular Bill. One is, people who are unemployed; the people who cannot earn in some other way except by this type of carrying small prohibited items and selling them in the market.

There is another type of people who want to amass the wealth in a quickest possible way. So, these two types of people are there. In between, some innocent people are also taken into custody for commission of this particular offence. Therefore, I request you that when you define by the executive order of quantifying the commercial quantity

and also the small quantity, according to the definition made in this Bill, there should be a consideration to cover it up. It should be more than 50 grams or even more than that. The prosecuting agencies are having a habit of putting up the cases by plucking small amount recovered and putting innocent people under the offence. When the prosecuting agencies seize things, contrabands, etc., they are allowed to destroy them in their own way, if it is a small quantity. If it is a bigger quantity or if that is at the harvesting stage, then they have to get the help of the Magistrate to go and investigate and give the report, etc. Therefore, small quantities are much more easily utilised for falsifying cases against simple men. Therefore, the simple men should be protected from the hands of this Act. Therefore, I request that when the executive order comes forth, they should look into the proceedings whether the cases are made against small people, first-time offenders, etc.

In the same way, I would like to appreciate the Government for bringing forward three categories and for the punishments also being made lesser. There is a notification which should be implemented from the date of the introduction of the Bill in the Rajya Sabha because there are a number of pending cases where the first-time offenders are there, who are going to face the punishment for ten years or more. Instead of that, they can have the appreciation of six months, they can be considered for the new provision. In the same way, the commercial quantity should also be explained in a better way when an executive order is given.

Sir, I would like to draw the attention of the hon. Minister that terrorists are very much using this way of narcotic drugs being transferred from one place to another place and exchange them for the arms. They are not converting it even into money. They just transfer these narcotic drugs and get the arms from the other side. So, these types of things are not looked into. In a commercial term, if there is an exchange of materials like this, then there should be regular punishment, which should be more than 20 years' imprisonment. Why it should be for 20 years? That can also be considered for life imprisonment because 20 years is not acceptable for the Magistrate for giving the punishment.

In the same way, when the terrorists are involved in the transfer of arms and when the seizure is found out, then the Act should be amended so that the highest punishment or capital punishment should also be included for commission of that type of offence.

Sir, we have got certain reports from the newspapers and articles that LTTE in Sri Lanka has got a very good movement through the narcotic drugs being transported from one place to another place for exchange of arms.

**16.00 hrs.**

Therefore, this type of terrorist organisations, internal and also external, which are using these means of making quick money for exchange of materials, should be punished by separate forces by starting prosecution against them. Therefore, on that aspect also, this Bill is very clear in telling that the provisions are softer towards such punishment holders.

I would also like to draw the attention of the hon. Minister to the provision of probation in Section 39. Since there is a lesser punishment, that is, when the punishment has come down from ten years to six months, so, if those who were previously using drugs for health purposes, found that they were violating the provision, then they were having the provision of probation applied to them. But my suggestion is that anybody who is coming within the first two categories, that is, the small quantity holders and also those between the small quantity holders and the commercial quantity holders, should get the benefit of probation because they are very easily amenable to punishment, being the first offenders. So, this should also be taken into consideration.

Why I am submitting this particular point is because this Bill is, more or less, having its heart in Section 7B. It is a social obligation on the part of the Government and the society to rectify the people from going into the death trap of this narcotic drugs-using and help them to become proper citizens. That aspect is also becoming brighter and brighter by these amendments. Therefore, I would request that the Government should give much more attention to this also.

At the same time, we should not leave the terrorists and other offenders who are doing it only for commercial purposes.

With these words, I support the Bill and appreciate the Government's intention of bringing this Bill so quickly and making it an Act which can be applied retrospectively also, if possible, to the persons who are suffering a lot now in the pending cases.

SHRI ANADI SAHU (BERHAMPUR, ORISSA): Mr. Chairman, Sir, as the time is running short, I would also be very short. I would hit the nail straight on the head. I would come to the amendments which have been proposed and I also support these amendments.

Stringent punishments, harsh bail provisions and tardy trials involving some of the enforcement agencies, a few

lawyers and also unscrupulous judicial officers have made it very difficult to get conviction under this particular Act which was enacted in the year 1985 and amended further in 1989. The global situation is such that there is a well-oiled drug trafficking racket working at different places and because the drug trafficking work at the international level is very high, that is why the first and the foremost thing which has been thought of in these amendments is the controlled delivery system. About four years back, a Pakistani drug trafficking agent was contacted by an English Government agent to deliver certain quantity of drugs in England and some amount was paid to him. He delivered the articles in England and took the remainder amount. A case was started against that Pakistani agent, but the question came up as to whether the English man also should be booked or not. It was a very good trial in England and on the basis of that, the international body thought that controlled delivery of drugs should be a part of the enactments in different countries. That is why it has been brought here and it is a very good provision.

But there are some 'buts' and those 'buts' are about the trials that are being thought of in this enactment. Sir, through you, I would invite the attention of the Minister to the summary trial provisions which have been provided in Section 36A, Clause (5).

Now, so far as the summary trial is concerned, it is guided by Sections 260 and 262 of the Criminal Procedure Code, 1973. In the Criminal Procedure Code, there is a mandatory provision that not more than three months' conviction can be there in summary trial cases. But here in this case, if you go in for summary trial which will be tried by a Magistrate First Class usually, but occasionally by a Magistrate Second Class also, - here it is mentioned as Magistrate First Class − the convictions cannot be for more than three months in the ordinary sense although the punishment in the NDPS could be upto three years.

Since a two-tier system has been given for trials, it may create problem. A Magistrate First Class may not send the case to the Sessions Court and the convictions of ten years or twenty years which has been envisaged in this Act may come to a naught. These are certain things which need to be thought of while amending the provisions.

While going to frame the rules also, it is necessary to frame the rules in such a manner that these types of loopholes are plugged from the very beginning. Once the trial is in a proper shape, it will not create any problem.

Now hon. Member Shri Pandiyan has referred to poppy cultivators. This thing will become a very big problem. Section 18 has been amended now where only a small quantity has been indicated whereas Section 19, as it stands with the original Act, does not indicate about the quantity involved. That means that the poppy cultivators, in spite of the fact that they might have embezzled or misappropriated a small quantity, will get ten years' imprisonment whereas under Section 18, it could be only for six months. This will also create a dichotomy between the proposed Section 18 and Section 19 which needs to be thought of.

Since the objective and the horizon have been widened wherein persons of Indian origin who have committed any crime in India or outside or persons who are not of Indian origin but have committed crime outside and have been convicted, are also to be convicted. Hon. Member Shri Pandiyan was talking about recidivism. These may be taken into account while framing the rules.

**श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) :** सभापति महोदय, मैं स्वापक औाधि और मनःप्रभावी पदार्थ (संशोधन) विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बात सही है कि जो यह बिल लाया जा रहा है, हम सब इस पक्ष में हैं कि इस सम्बन्ध में कड़ा कानून बनना चाहिए, लेकिन साथ ही साथ कानून की सख्ती से पालना भी होनी चाहिए। वित्त मंत्री जी यह बिल लाए हैं जिसमें पहली बार इस बात का प्रयास किया गया है कि छोटे जुर्म की सजा छोटी और बड़े जुर्म की सजा बड़ी। मैं चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनकर आया हूं। झालावाड़, नीमच और चित्तौड़गढ़ का जो इलाका है, देश की 75 प्रतिशत अफीम का उत्पादन वहीं होता है। वित्त मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि बिल पारित हो जाएगा, कानून भी बन जाएगा, लेकिन कानून का दुरूपयोग न हो, इसका ईमानदारी से पालन हो सके, इसकी व्यवस्था भी हमें करनी चाहिए। नशीली दवाओं के व्यापार से कई घर बर्बाद हो गए, गरीब और गरीब होता जाता है। मैं समझता हूं इस बिल में इस बात की पूरी व्यवस्था की गई है।

पिछले दिनों राज्य सभा में जब यह बिल आया था तो वहां के सांसद बालकवि बैरागी जी ने खसखस के बारे में आशंका जाहिर की थी। अपना भााण देने के बाद उन्होंने कई अखबारों में यह छपवाया कि जो यह बिल लाया जा रहा है, इससे भारतीय जनता पार्टी की सरकार खसखस पर भी यह एक्ट लागू करके जनता को परेशान करना चाहती है। इस बारे में मंत्री जी थोड़ा स्पटीकरण दें तो अच्छा होगा। जैसा पांडेय जी ने और महेश्वर सिंह जी ने खसखस के बारे में कहा, हमारे हर घर में खसखस पाई जाती है। वह बीज है, जैसे गांजे के बीज पर कानून नहीं हैं उसी तरह खसखस का भी दुरूपयोग नहीं होता है।

इस बारे में स्पटीकरण देना जरूरी है ।

महोदय, मुझे आदेश हुआ है, समय कम है, इसलिए मैं एक-दो निवेदन आपके समक्ष रखना चाहता हूं । मैं वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, हिन्दुस्तान में जब से वाजपेयी जी की सरकार बनी है, तब से हमारे क्षेत्र में बहुत बड़ी तादाद में किसानों को नए पट्टे दिए गए हैं। अफीम के किसानों को जितनी सुविधायें दे सकते थे, उनको देने का प्रयास किया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी आज हमारे सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि डोडा-चूड़ा का समर्थन मूल्य तय नहीं किया गया है। जब तक आप डोडाचूड़ा का समर्थन मूल्य तय नहीं करेंगे, तब तक किसानों को फायदा होने वाला नहीं है। उत्तर प्रदेश में अफीम की खेती 42 प्रति हैक्टेयर है और राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में 52 प्रति हैक्टेयर है । इसके अलावा डोडाचूड़ा पर नियन्त्रण राज्य सरकार को दे रखा है । इस वजह से दो रुपए प्रति किलोग्राम किसानों को मूल्य मिलता है, जबकि यही माल ठेकेदार लोग हजारों रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेचते हैं। इस बारे में वित्त मंत्री जी को निश्चित रूप से विचार करना चाहिए । मैं वित्त मंत्री जी के धन्यवाद देता हूं कि पिछली बार उन्होंने अफीम के दाम बढ़ाए थे । भाव बढ़ाने से इसकी तस्करी पर रोक लगाना संभव हो सकता है ।

यदि अफीम की कीमत 500 से 1200 रुपए देते हैं, तो वही अफीम तस्करी में आठ से दस हजार रुपए प्रति किलो में बिकती है। मेरा निवेदन है कि अफीम की कीमत बढ़ाने की ओर आपको ध्यान देना चाहिए और डोडाचूड़ा के भाव को केन्द्रीय सरकार अपने नियन्त्रण में ले, जिससे किसान थोड़े बहुत सम्पन्न हो सकें ।

मैं एक निवेदन और करना चाहता हूं । यदि किसी संयुक्त परिवार में दो बेटे हैं और अलग-अलग रह रहे हैं, तो एक बेटे की जमीन को निरस्त कर दिया जाता है। इसके बारे में व्यवस्था यह होनी चाहिए, यदि किसी संयुक्त परिवार में चार बेटे हैं और वे अलग-अलग रह रहे हैं, तो किसी की भी जमीन को निरस्त नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा एक बात मैं अफीम की जांच व्यवस्था के बारे में कहना चाहता हूं। नई व्यवस्था के अनुसार ओवन के द्वारा अफीम टैस्ट की जाती है । इस व्यवस्था में ग्रेडिंग में अन्तर आ जाता है । अच्छी ग्रेड की अफीम हल्की ग्रेड में बदल जाती है और हल्की ग्रेड की अफीम अच्छी ग्रेड में बदल जाती है । ग्रेडिंग की सही जांच करके किसानों को उनके उत्पादन की कीमत मिलनी चाहिए।

अंत में, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे दल की सरकार ने सत्ता में आने के बाद और वित्त मंत्री जी द्वारा कार्यभार संभालने के बाद काफी समस्याओं का समाधान किया गया है । मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

**श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) :** सभापति महोदय, 16 नवम्बर, 1985 को NDPS एक्ट लागू किया गया था और उससे पहले ओपियम एक्ट रिपील किया गया था । NDPS एक्ट लागू करने के बाद यह दूसरी बार संशोधन किया जा रहा है । पहला संशोधन 1998 में किया गया था और दूसरी बार अब सन् 2001 में किया जा रहा है । मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

महोदय, समय की कमी को देखते हुए, मैं सिर्फ बिल के दो प्रोवीजन्स का जिक्र करना चाहता हूं । खास तौर से पश्चिमी राजस्थान में वर्षों से लोग ओपियम का सेवन करते हैं और उनको लाइसैंस दे रखे थे। लेकिन NDPS एक्ट के आने के बाद उनके लाइसैंस को जब्त कर लिए गए हैं । ऐसी स्थिति में वे तस्करी की अफीम खा रहे हैं। दूसरी बात - सरकार ने डोडा पोस्त के ठेके दे रखे हैं । ठेके देने के बाद अगर किसी व्यक्ति के पास 500 ग्राम भी डोडा पोस्त मिल गया, तो उसको दस साल की सजा और एक लाख रुपया जुर्मना, जिसकी कीमत सिर्फ 15-20 रुपए है। ऐसे किसान जो हैबिच्युअल हैं, यदि उनके पास 700 ग्राम भी डोडा पोस्त मिल गया, तो दस साल की सजा और एक लाख रुपया जुर्माना देना होगा ।

ज्यादा पाए जाने पर 20 साल की सजा और दो लाख रुपए जुर्माना होगा। सरकार इसकी नीलामी बंद करे और राज्य सरकारों से इसे अपने अंडर ले ले। दो-तीन करोड़ रुपए के लिए राज्य सरकार इसे नीलाम क्यों करती है? उस पर कोई प्रतिबंध हो या फिर इसे आबकारी अधिनियम में ले जाए, जिसमें ज्यादा से ज्यादा तीन साल की और कम से कम छ: महीने की सजा हो।

दूसरी बात इसमें कुछ मेंडेट्री प्रोविजन की है। मैंने वकालत की है और मेंडेट्री प्रोविजन की कम्पलायंस कई मामलों में न होने से मुलज़िम बरी हो जाता है। सैक्शन 27 एनडीपीएस एक्ट में मिनिमम क्वांटिटी पांच ग्राम बताई गई है। अगर किसी के पास पांच ग्राम से कम मिले तो उसे तीन साल से कम सजा होगी, लेकिन अगर पांच ग्राम से ज्यादा मिल गई तो उसे दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना होगा या 20 साल की सजा और दो लाख रुपए जुर्माना होगा।

महोदय, मैं नशे के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। हम जब गांवों में जाते हैं तो गांवों की मीटिंगों में लोग विरोध करते हैं कि इस नशे को छोड़ दो। यह बहुत पुराना प्रचलन है। इस पर हम एकदम प्रतिबंध नहीं लगा सकते। मैं पश्चिमी राजस्थान, जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से जीत कर आया हूं। वहां इस तरह के हजारों लोग हैं, जो इस नशे के आदि हैं। किसी के पास पांच, छ: या दस ग्राम है तो उसे दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना होता है। जिससे दुश्मनी हो जाती है, रंजिश वाले लोग इस तरह के लोगों को गलत फंसा देते हैं और उन्हें सजा करवा देते हैं। मेंडेट्री प्रोविजन की कम्प्लायंस करके उन्हें सजा करवा देते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि आप ऐसे मामलों में जरूर विचार करें कि इस तरह के कानून में गरीब लोग या निर्दोा लोगों को सजा न हो। कानून की यह मंशा है कि 99 मुलज़िम बरी हो जाए तो कोई बात नहीं, लेकिन एक भी निर्दोा को सजा न हो।

एफएसएल रिपोर्ट के बारे में मैं निवेदन करना चाहता हूं जिसके अंतर्गत प्वाइंट पांच ग्राम मोरफिन अफीम मानी जाती है, 99.5 अगर राख है तो भी वह अफीम है, इसलिए इस तरफ भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस तरह का कानून बनाया जाए, जिससे गरीब और निर्दोा लोगों को सजा न हो।

**वित्त मंत्री (श्री यशवन्त सिन्हा) :** सभापति महोदय, मैं उन सारे माननीय सदस्यों का आभारी हूं, जिन्होंने इसमें भाग लिया और अनेक मूल्यवान सुझाव उन्होंने यहां दिए। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहूंगा कि यदि बिल के बाहर जाकर भी उनके सुझाव हमें प्राप्त होंगे तो जहां तक हो सकेगा, नियम बनाते समय हम उनका ध्यान रखेंगे और यदि बहुत आवश्यक हुआ तो आगे जब इस विधेयक में संशोधन होंगे उस समय उन्हें इसमें समाहित करने का प्रयास करेंगे।

महोदय, जैसा मैंने अपने प्रारम्भिक भााण में कहा था कि जो विधेयक अभी आया है, उसका एक लम्बा इतिहास है जो कई प्रक्रियाओं से होते हुए यहां तक पहुंचा है। स्टेंडिंग कमेटी ने इस पर विचार किया, दूसरे सदन में इस पर विचार हुआ और एक तरह से अगर मैं कहूं कि सांसदों के जो मूल्यवान सुझाव आए हैं, उन्हें हमने इसमें इनकार्पोरेट करने का पूरा प्रयास किया है। मुख्य रूप से जो संशोधन आए हैं, दासमुंशी जी और अन्य कई माननीय सदस्यों ने कहा, इसमें काफी व्यापक संशोधन लाए गए हैं और उन्हें हम चार भागों में बांट कर देख सकते हैं। पहली श्रेणी में उस प्रकार के संशोधन आते हैं, जो नेशनल कंवेशन है, उसके कुछ बिन्दु 1985 में छूट गए थे, उन्हें आज हम इसमें शामिल कर रहे हैं। दूसरा यह है कि रेशनलाइजेशन ऑफ द सेंटेंस स्ट्रक्चर - इस पर मैं आगे ज्यादा विस्तार से कुछ कहूंगा। उसके बाद प्रक्रिया में कुछ ऐसे सैक्शंस थे, जिनकी वजह से हमें कुछ व्यावहारिक कठिनाईयां उपस्थित हो रही थीं।

उनमें हम सुधार लाकर, संशोधन लाकर उन्हें ठीक करना चाहते हैं। अन्ततः ट्रायल सब्सटैंस के तहत जो हम काम करना चाहते हैं जिससे दोाी लोगों को पकड़ने में आसानी हो सके और उनके बारे में हमें जानकारी मिल सके। इसलिए हम चार प्रकार के संशोधन इसमें ला रहे हैं। इनको देखने से प्रथम दृटया मन में यह बात पैदा हो सकती है, जैसा कि माननीय रघुवंश प्रसाद बाबू ने कहा कि उसमें हम ढिलाई बरत रहे हैं। हम ढिलाई नहीं बरत रहे हैं। हम इसको सही मायने में तर्क-संगत बना रहे हैं। हम उन लोगों के बीच में एक अंतर कर रहे हैं जोकि ड्रग्स के शिकार हो जाते हैं और उन लोगों के बीच में जोकि इनका व्यापार करते हैं, जो दूसरों को शिकार बनाते हैं। दोनों के बीच में अंतर करना आवश्यक था। इसलिए कानून-विदों की राय बनी कि मात्रा को हमें तीन भागों में बांटना चाहिए। छोटी मात्रा में अगर पाई जाएगी, जोकि इनका सेवन कर रहे हैं। दूसरा, कमर्शियल मात्रा में, जोकि इनका व्यापार कर रहे हैं और दोनों के बीच में एक मात्रा होगी जिसमें कि हम सारी परिस्थितियों को देखकर तय करेंगे कि इसमें क्या सजा मिलनी चाहिए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के भी फैसले हैं जिनमें कहा गया है कि कुछ मामलों में विलम्ब होता है। प्रशासन ने किसी को पकड़ा और उसको जेल में रखा, ट्रायल में विलम्ब हुआ और बहुत मामूली अपराध के लिए उसको 1995 के एक्ट के तहत कम से कम 10 वर्षों की सजा मिली। इसलिए इस अंतर को ध्यान में रखते हुए ये संशोधन लाए गए हैं और अलग से हमने विशेाज्ञों की एक समिति बनाई है जिसका प्रतिवेदन हमारे पास चंद दिनों के अंदर आने वाला है। जिसके आधार पर नियम बनाते समय हम इस बात को अच्छी तरह से परिभाषित करेंगे कि छोटी मात्रा से हमारा उद्देश्य क्या है तथा कमर्शियल मात्रा से हमारा उद्देश्य क्या है। यह जब परिभाषित हो जाएगा तो बीच में जो मात्रा आती है उसको परिभाषित करने में हमें कठिनाई नहीं होगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, इन संशोधनों के माध्यम से हमने व्यवस्था की है। उसमें यह है कि जो इनके खुद शिकार हैं, अगर वह पकड़े गये तो उनको कम सजा दो, क्योंकि उनके सुधार पर हमें ज्यादा बल देना है। जो कमर्शियल ढंग से काम कर रहा है उसको कड़ी से कड़ी सजा दो - दस वर्षों से बीस वर्षों के बीच में और

कम से कम दस वर्ा। अगर वह हैबिचुअल ऑफैन्डर है तो उसके लिए इस कानून के अन्तर्गत मृत्युदंड तक निर्धारित है। इसलिए यह व्यवस्था की गयी है। जिसमें तीन साल तक सजा लाजमी है उसमें हमने समरी-ट्रायल की व्यवस्था की है ताकि उसमें विलम्ब न हो। जिनको छह महीने, एक साल, दो साल, तीन साल से कम की सजा मिली है और उसका ट्रायल नहीं हो रहा है, उस केस में समरी-ट्रायल की व्यवस्था की गयी है ताकि वह जेल में सड़ता न रहे और उस तरह के केसेज को निपटाया जा सके।

एक बात और मैं सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं। एशिया में भारत अकेला ऐसा देश है जिसमें कि कानूनी तौर पर अफीम की खेती होती है। लिसिड-ओपियम-क्लटी वेशन की अनुमति हमें एक देश के नाते मिली हुई है।

इसलिए हमें इस बात पर गर्व करना चाहिए कि हमने अपने इस कार्यक्रम को ऐसे चलाया है जिस के अंतर्गत हमारे देश की जो व्यवस्था है, उसमें अन्तर्राट्रीय विश्वास डिगा नहीं है। फिर मैं कहूंगा कि रघुवंश जी ने जो कुछ कहा, उसके विपरीत हमारे पास इंटरनेशनल नारकॉटिक्स कंट्रोल बोर्ड 1998...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) :** अगर आप इजाजत दें तो मैं पूरे सदन के सामने एक बात रखना चाहता हूं। इसमें दुरुपयोग होने की बहुत बड़ी सम्भावना है। मुझे थोड़ा समय नहीं मिला और इसकी वजह से मैं यहां आ नहीं पाया। मैं इस बारे में बोलना चाहता था। मुझे अभी इन्द्रजीत गुप्ता जी की शोक सभा में जाना है। इस बिल में बहुत भारी कमी है और इस बात का खतरा है कि इसमें दुरुपयोग हो सकता है। वैसे हम दहेज प्रथा के पूरी तरफ खिलाफ है। इसके कारण कई महिलाओं की मौतें हुई। हाई कोर्ट की चर्चा तमाम जगहों में हुई है। उन्होंने कहा कि 75 परसैंट दुरुपयोग हो रहा है। रपटें लिखी जा रही हैं। एक ने कहा 75 परसैंट नहीं, 90 परसैंट दुरुपयोग हो रहा है। आपका कानून पास हो जाएगा। वित्त मंत्री जी, आज जिन वर्तमान परिस्थितियों में पुलिस और नौकरशाही को अधिकार देते जा रहे हैं, मैं इसके बहुत खिलाफ हूं। मैं समय पर यहां नहीं था इसलिए इस पर बोल नहीं सका। आप जो कड़ी सजा देने जा रहे हैं चाहे वह सभापति जी की राय हो या किसी और की हो, लेकिन उन्हें बख्शा जा रहा है। इसमें दुरुपयोग होने की बहुत बड़ी सम्भावना है। मैं यहां पर आपको सावधान करना चाहता हूं और आपको सुझाव देना चाहता हूं। हम जन प्रतिनिधि जिस तरह कानून को पास कर रहे हैं, उसके नतीजे अच्छे नहीं होगे। एक कानून को यहां पास किया। उस समय मैं इस सदन में नहीं था। हमारे अपने गांव में सुआ पालने की सजा है। इसके लिए दो हजार से पांच रुपए तक का जुर्माना है। इसे बच्चे भी पाल लेते हैं। किसी को पता नहीं कि प्रदूाण के नाम पर सजा है। मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि रात के 12 बजे मैंने आपको परेशान किया। अब कहा जा रहा है कि इस पर पुनः विचार हो रहा है और इसे सिलेक्ट कमेटी के पास भेजा गया है। यह कानून नौकरशाहों के चंगुल में फंसा है। वर्तमान परिस्थितियों में इन बड़े अधिकारियों को इतने बड़े अधिकार देना ठीक नहीं है। लोकतंत्र के अन्तर्गत इसका जबर्दस्त दुरुपयोग हुआ है।

**श्री यशवंत सिन्हाः** मैं उसी बिन्दु पर था। मुलायम सिंह जी ने जो भावना व्यक्त की, उससे अपने को जोड़ते हुए फिर से दोहराना चाहूंगा कि इस कानून के माध्यम से हम अन्तर कर रहे हैं। जो गुनाह उतने गम्भीर नहीं हैं वहां लोग गुनाह के शिकार बना दिए जाते हैं।

**श्री मुलायम सिंह यादव** : गम्भीर क्यों न हों? विस्फोटक चीजें किसी के घर पर रख दें तो मृत्यु दंड हो जाएगा चाहे वह किसी के घर रख दो। यह हालत हो गई है। आप कम से कम यह अधिकार पुलिस को दीजिए, नौकरशाहों को दीजिए। हम आपको यह राय दे रहे हैं। बाकी आपकी मर्जी। आप पास तो करा ही लेंगे।

**श्री यशवन्त सिन्हाः** सभापति महोदय, मुलायम सिंह जी को समझ लेना चाहिए कि आज के दिन जो कानून है, उस कानून के तहत अगर कोई तनिक मात्र नारकॉटिक्स ड्रग्स के साथ पकड़ा गया तो उसे दस साल से कम की सजा नहीं मिलेगी। हम इसमें जो परिवर्तन ला रहे हैं, उसमें यह व्यवस्था कर रहे हैं कि यदि उसे कम सजा भी मिले तो उसकी परिस्थतियों को देखते हुए मिले। इसी बात की शिकायत माननीय रघुवंश प्रसाद बाबू कर रहे थे कि आप कानून को ढीला कर रहे हैं। कानून को ढीला करने के पर्याप्त कारण थे और यह अन्तर करना आवश्यक था।

सभापति महोदय, भारत की एक विशेा परिस्थिति है। हमारा एक देश है जहां हम कानूनी तौर पर अफीम की खेती करने की इजाजत देते हैं। जैसा पांडेय जी कह रहे थे लेकिन अभी वह चले गए क्योंकि उन्हें किसी आवश्यक काम से जाना था लेकिन यहां कई माननीय सदस्य उन इलाकों से आते हैं,

जहां पर अफीम की खेती होती है। ऐसे कई इलाके हैं जहां 60-70 हजार हैक्टेयर जमीन पर इतने सारे किसान सरकारी लाइसेंस के आधार पर अफीम की खेती करते हैं। यह बड़ी जिम्मेदारी हमारे देश ने अपने ऊपर ली है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अंतरराट्रीय समाज इस बात को बड़े गौर से देख रहा है । मैं इसी संदर्भ में इंटरनैशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की 1998 की रिपोर्ट को उद्धृत करना चाहता हूं:

> "Licit opium, poppy cultivation and opium production take place under Government control in India. There have been no reports of the seizure of Indian opium outside India. "

मैं मानता हूं कि हम सब के लिये यह अत्यंत ही संतोा का विाय है कि हमारे देश में इतने बड़े पैमाने पर खेती होते हुये भी कोई इस प्रकार की घटना नहीं घटी कि हमारे देश का अफीम किसी दूसरे देश में पकड़ा गया हो। इसके अलावा और भी कई..

DR. NITISH SENGUPTA : What about its export?

SHRI YASHWANT SINHA: We export it licitly. We export it legally.

सभापति महोदय, 1998 की इस रिपोर्ट में भारत की इस बात के लिये प्रशंसा की गई है कि हम इसको सही ढंग से चला रहे हैं और इसमें इस प्रकार की कोई बात नहीं है जिसके कारण किसानों को परेशान किया जाये। इस कानून में संशोधन करना इसका मुख्य उद्देश्य है कि हमारे यहां हजारों-लाखों किसान जो अफीम की खेती करते हैं, उनको इसमें किसी प्रकार का कोई कट न हो। इसके साथ ही मेरे पास पिछले सालों के जो आंकड़े हैं, उसके अनुसार 1998 में 33.1 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर ऐवरेज था जो 1999 में बढ़कर 47.4 किलोग्राम और 2000 में 52.2 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर हो गया।

सभापति महोदय, जहां तक किसानों को कीमतें देने का प्रश्न है, हमने अंतराराट्रीय कीमतों को ध्यान में रखते हुये 1998 में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई और 1999 में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है क्योंकि अफीम में जो पदार्थ निकलता है, उसको अंतरराट्रीय बाजार मे बेचते हैं और उनकी कीमतों को ध्यान में रखते हुये हम किसानों को उचित मूल्य देते हैं। हमारा प्रयास है कि आने वाले दिनों में भी यह जारी रहे।

सभापति महोदय, इसके अलावा मैं आपसे कहना चाहता हूं कि श्री कृपलानी ने खसखस के बारे में प्रश्न उठाया। जब मैंने दूसरे सदन में इस बारे में बताया तो यहां भी स्पट कर देना चाहूंगा कि Khaskhas is not covered under NDPS Act. मैं पुनः इस बात पर जोर देकर कहना चाहता हूं कि खसखस इसके अंदर नहीं आती है। इसलिये इसके बारे में कोई भ्रान्ति नहीं होनी चाहिये। जहां तक डोडा चूरे का सवाल है, जो हस्क है, इसे राज्य सरकार अपने नियंत्रण में रखती हैं कि उसका उपयोग किस प्रकार से किया जाये। अभी डा. पाण्डेय जी कह रहे थे कि लोग घर या मकान बनाने के उपयोग में कर लेते हैं लेकिन मैं बताना चाहूंगा कि यह

राज्य सरकार के नियंत्रण में है। इसी प्रकार मैं श्री प्रियरंजन दासमुंशी जी की भावना से सहमत हूं कि ड्रग अब्यूज हमारे सामने एक बहुत बड़ी समस्या है। यदि भारत में कुछ लोग इसका अखाड़ा बनाना चाहते हैं तो हम लोग जागरूक हैं और हमारा लगातार प्रयास है कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की सभी एजेंसियों में सामंजस्य बनाकर हम ऐसा काम नहीं होने दें। मेरे पास ऐसे आंकड़ें हैं जिसमें बताया गया है कि किस प्रकार से अपनी सीमाओं पर हमने चौकसी बरती है।

किस प्रकार हमने उनके सामान को पकड़ा है और उन्हें दंडित किया है, जो लोग इसमें लिप्त हैं। लेकिन यहां कुछ सवाल उठाये गये थे, जिनका मैं शीघ्रता से उत्तर दूंगा। इसमें जो सैक्शन 29 है, चूंकि श्री प्रियरंजन दासमुंशी जी ने एक प्रश्न उठाया कि जो क्राइम में अबेट कर रहे हैं, सहयोग कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ नहीं रहे हैं। नहीं, हम उसे छोड़ नहीं रहे हैं। सैक्शन 29 में जो अबेटमैंट कर रहे हैं, उसे भी हम पकड़ रहे हैं और उसके लिए सैक्शन् 68ए 2 बी है, जिसके तहत उस प्रकार के व्यक्ति की अगर कोई सम्पत्ति है, उसे भी जब्त करने का प्रावधान है। उसी प्रकार जो विदइन रीजनेबल टाइम की बात डा.लक्ष्मी नारायण पाण्डेय जी ने कही और कमेटी का जो सुझाव 72 घंटे के भीतर करने का है, कमेटी के उस सुझाव को हमने मान लिया है। उसी प्रकार पावर टू सीज में हमने इस बात की चिंता की है कि इंस्पैक्टर या सब-इंस्पैक्टर के नीचे के पदाधिकारी को यह अधिकार न दिया जाए।

सभापति महोदय, पॉपीसीड्स का जो सवाल था, उसे मैंने क्लियर कर दिया है। इसके अलावा मुझे लगता है कि जो कुछ विशे बिंदु थे, जिनमें विशेाकर किसानों की समस्या थी। मैं माननीय सदस्यों को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने इस बात के लिए सरकार को साधुवाद दिया है कि हमने यह प्रयास किया है कि पिछले तीन वर्षों में जो किसान अफीम की खेती करते हैं, उन किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखा जाए और उनकी समस्याओं को हल करने का पूरा-पूरा प्रयास किया जाए।

सभापति महोदय, जो अनलाइसेन्स्ड पॉपी कल्टीवेशन की बात दासमुंशी जी ने उठाई, अगर यह देश में कहीं-कहीं हो रहा है तो राज्य सरकारों के साथ मिलकर जो केन्द्रीय एजेन्सी इस पर निगरानी रखती हैं, यह राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार की दोनों एजेन्सियों का सम्मिलित दायित्व है।â€¦( व्यवधान)

DR. NITISH SENGUPTA : Are you getting enough cooperation from the State Governments?

SHRI YASHWANT SINHA: In many a States, we are; and in some States, we are not.

सभापति महोदय, आप जानते हैं कि अभी बिहार में एक घटना हुई थी, जो यहां दीयारा की बात आई, जो नदियों के बीच का क्षेत्र होता है, जहां पर बहुत बड़े पैमाने पर इस प्रकार की खेती हो रही थी, राज्य सरकार के पदाधिकारी वहां गये, उन्होंने उसे उखाड़ा, जलाया तथा नट किया। यह प्रावधान उसमें है।

सभापति महोदय, दासमुंशी जी ने इंडियन शिप्स का एक विाय उठाया था। हम इसमें इंडियन एयरक्राफ्ट इनक्लूड कर रहे हैं और वह इसलिए कर रहे हैं कि चूंकि उनके ऊपर हमारी सम्प्रभुता है। लेकिन अगर कोई एन.आर.आई. किसी दूसरे देश में अपने शिप को रजिस्टर कराता है, वह दूसरे देश के फ्लैग के तहत अगर शिप ऑपरेट करता है तो उस पर हमारा नियंत्रण नहीं है और हम अपने नियंत्रण को उस जहाज तक नहीं ले जा सकते। इसलिए इसमें किसी प्रकार की कोई भ्रांति नहीं होनी चाहिए।

सभापति महोदय जितने बिंदु उठाये गये थे, मैंने प्रयास किया है कि मैं उन सबका उत्तर दूं। ड्रग एब्यूज अपने आपमें एक अत्यंत ही खतरनाक चीज है और हमारा निश्चित रूप से यह प्रयास होगा कि इस पर नियंत्रण रखें तथा ऐसे लोग जो इसका व्यापार करते हैं उन्हें कड़े से कड़ा दंड मिले। लेकिन जो इसके विक्टिम्स हैं उनके साथ हम थोड़ी रहमदिली दिखायें, ताकि हम उन्हें उस रास्ते से अलग कर सकें और ड्रग से मुक्ति दिला सकें। इन चंद शब्दों के साथ सभापति महोदय मैं आपसे और सदन से आग्रह करूंगा कि इस बिल को पारित किया जाए।

MR. CHAIRMAN : The question is:

> "That the Bill further to amend the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

*MR. CHAIRMAN : The House shall nowtake up clause by clause consideration of the Bill.*

*The question is:*

*"That clauses 2 to 41 stand part of the Bill.*

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 to 41 were added to the Bill.*

***Clause 1 Short title and***

***commencement***

*Amendment made:*

*Page 1, line 4,--*

*for "2000" substitute "2001" (2)*

*(Shri Yashwant Sinha)*

*MR. CHAIRMAN : The question is:*

*"That clause 1, as amended, stand part of the Bill".*

*The motion was adopted.*

*Clause 1, as amended, was added to the Bill.*

***Enacting Formula***

*Amendment made:*

Page 1, line 1, --

*for* "Fifty-first"

*substitute* "Fifty-second" (1)

(Shri Yashwant Sinha)

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill".

*The motion was adopted.*

*The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.*

*The Long Title was added to the Bill.*

*SHRI YASHWANT SINHA: I beg to move:*

*"That the Bill, as amended, be passed".*

*MR. CHAIRMAN: The question is:*

*"That the Bill, as amended, be passed".*

*The motion was adopted.*

_____